कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 3188 / M-1 / 64 दिनांक 30/10/2026

सेवा में,

प्रोजेक्ट मैनेजर, मे० एल०सी० इन्फा/
मे0 जीए इन्फा–विश्वनाथ प्रोजेक्ट लि० (जेवी)/
मे० केएलएसआर रेज (जेवी),
कैम्प कार्यालय, मऊ।

विषयः **हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 30.10.2026 को ''ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर होगी कार्यवाही'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 30.10.2026 को ''ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर होगी कार्यवाही'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 29.10.2026 को डीडब्ल्यूएसएम की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें आप भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा कार्यो को मानक के अनुसार पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने तथा ऐसे स्थानों जहां योजना के अन्तर्गत अभी पानी नहीं पहुच रहा है, की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनें तथा मैनपावर बढ़ाकर कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। यदि किसी भी पेयजल योजना में कोई समस्या आती है तो उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें।

आपको निर्देशित किया जाता है कि मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यो को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना 03 दिन में प्रस्तुत करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

Mau News: ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर होगी कार्रवाई

Oct 29, 2026 10:48 pm IST
By Hindustan | Bureau
हिन्दुस्तान
. मऊ

G Preferred
अपना पसंदीदा प्लेटफॉर्म

Mau News: - एजेंसियों को मैनपावर बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने निर्देश : 04- विकास भवन सभागार में गुरुवार को आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते सीडीओ म



Mau News: मऊ, संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी कार्यदायी एजेंसियों को मैनपावर बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं पानी की आपूर्ति में समस्या आती है, तो उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

ये भी पढ़ें: Bhadoni News: निर्माण कार्य में तेजी लाएं कार्यदायी संस्थाएं

शिकायत के बाद भी समाधान नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी एजेंसियों को माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करने तथा आमजन को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल निगम को निर्देशित किया कि जनपद की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सुधार के लिए सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अभियंता, जल निगम ने अवगत कराया कि जनपद में तीन एजेंसियों द्वारा हर घर जल योजना के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि तीनों एजेंसियों से उनके द्वारा कराए जा रहे कार्यों को पूर्ण करने की निर्धारित समयसीमा के संबंध में लिखित पत्र प्राप्त किया जाए। साथ ही, ऐसे स्थानों का चिन्हांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, जहां योजना के अंतर्गत अभी तक पानी नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने एजेंसियों द्वारा कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय सत्यापन कर उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आरएन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय, अधिशासी अभियंता जल निगम रामेश्वर दयाल, सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं सभी कार्यदायी एजेंसियों के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।